मेरी छोटी सी कुटिया में आयी भोली माँ

मेरी छोटी सी कुटिया में आई भोली माँ ॥
मेरे भाग जाग गए ओ मेरे भाग जाग गए
मेरी उजड़ी सी बगिया महकाई भोली माँ ॥
मेरे भाग जाग गए ओ मेरे भाग जाग गए
मेरी छोटी सी कुटिया,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मेरी पूजा और भक्ति मेरे काम आ गई ॥
खुशियां सारे ज़माने की झोली डाल गई ॥
सुधा प्रेम वाली ॥॥, मईया बरसाए भोली माँ
मेरे भाग जाग गए ओ मेरे भाग जाग गए
मेरी छोटी सी कुटिया,,,,,,,,,,,,,,,,,,

माँ ने सारी मुरादें झोली में डाल दी ॥
मेरी मुश्किलें भी मईया जी तूने टाल दी ॥
मेरे अंग संग ॥॥, मेरे तूँ सहाई भोली माँ
मेरे भाग जाग गए ओ मेरे भाग जाग गए
मेरी छोटी सी कुटिया,,,,,,,,,,,,,,,,,,

तेरी ज्योति जगी हुआ घर में उजाला ॥
मैं बलिहारी जाऊँ तेरे मात ज्वाला ॥
मेरे मन की है ॥॥, तृष्णा मिटाई भोली माँ
मेरे भाग जाग गए ओ मेरे भाग जाग गए
मेरी छोटी सी कुटिया,,,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोड कर्ता- अनिल भोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5306/title/meri-choti-si-kutiya-me-aai-bholi-maa-mere-bhag-jag-gaye-o-mere-bhag-jaag-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |